आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 18.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को अपनी वेबसाइट पर नीट–यूजी परीक्षा में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को प्रकाशित करने और छात्रों की पहचान गुप्त रखने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए हेली सेवाओं का विस्तार करने को कहा।
- राज्य में होमस्टे की बुकिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू।
- मानसून समाप्त होने के एक महीने के भीतर राज्य की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाएगा।

नीट सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को निर्देश दिया है कि वह अपनी वेबसाइट पर नीट–यूजी परीक्षा में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को प्रकाशित करे और छात्रों की पहचान गुप्त रखी जाए। न्यायालय ने कहा कि परिणाम शहर और केंद्र के हिसाब से अलग–अलग घोषित किए जाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी–2024 परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख तय की है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि नीट की दोबारा परीक्षा ठोस स्तर पर होनी चाहिए और इससे पूरी परीक्षा की शुचिता प्रभावित होगी। मुख्य न्यायाधीश डी0 वाई0 चन्द्रचूड की नेतृत्व वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने आज नीट–यूजी 2024 मेडिकल प्रवेश परीक्षा के संचालन में हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित 40 से अधिक याचिकाओं की सुनवाई की। जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी बी आई की जांच जारी है। सी बी आई ने जो कुछ भी कहा है अगर इसका खुलासा होता है तो इससे जांच प्रभावित होगी और लोग इससे बचने के तरीके ढूंढ़ेंगे।
पीठ ने 5 मई की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे यह प्रमाणित करें कि पेपर लीक प्रणालीगत थी और इसने पूरी परीक्षा को प्रभावित किया है, इसलिए इसे रद्द करना जरूरी है।सर्वोच्च न्यायालय ने पहले के दायर अपने हलफनामे में केन्द्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी–एन टी ए ने कहा था कि बड़े पैमाने पर गोपनीयता के खुलासे के किसी भी सबूत के अभाव में परीक्षा को रद्द करना अनुचित होगा और लाखों योग्य उम्मीदवारों को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। इससे पहले न्यायाधीश जे0 बी0 पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह भी कहा था कि परीक्षा की शुचिता से छेडछाड की गई है। पीठ ने कहा कि परीक्षा रद्द करने का निर्णय अंतिम विकल्प होगा।

हेली सेवा विस्तार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए हेली सेवाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में हुई नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के निदेशक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के स्तर पर इसके लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता है, उसका पूरा प्रस्ताव बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने देहरादून के साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड की सफलता के लिए हवाई कनेक्टिविटी को

विस्तार कर उसे मजबूती देना आवश्यक है। बैठक में कुमांऊ मण्डल क्षेत्र में हेलीकॉप्टर में तेल भरने के लिए एक फ्यूल पम्प और तेल के बैरल का परिवहन करने के लिए वाहन खरीदने का अनुमोदन दिया गया।

एस.आई.टी जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के अपर कोसी आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कब्जा और खरीद फरोख्त करने की शिकायत मिलने के बाद, मामले की एसआईटी जांच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल की ओर से रामनगर के उपजिलाधिकारी से प्रारंभिक जांच करवाई गई। उपजिलाधिकारी की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल की ओर से शासन को आख्या उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने इसी आख्या के क्रम में वन भूमि और राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा करने व स्टाम्प पेपरों के माध्यम से सरकारी भूमि का क्रय–विक्रय करने और प्रकरण में आर्थिक अपराध सहित अन्य अपराध भी सम्मिलित होने की संदिग्धता के चलते जांच के निर्देश दिए।

कांवड़ मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी कांवड़ मेले को देखते हुए सुरक्षात्मक रूप से सभी तैयारियां पूरी करने को कहा है। उन्होंने कांवड़ मेले के दौरान सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सबंधी सभी सुविधाएं बेहतर रखने और घाटों की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच, कांवड़ मेले के दौरान हरिद्वार और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर बुकिंग के लिए एक विशेष काउंटर लगाने का निर्णय लिया गया है। काउंटर 24 घंटे खुला रहेगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आरपीएफ के 100 अतिरिक्त जवान तैनात किए जाएंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष बाईस जुलाई से प्रदेश में गंगा जल लेने के लिए कांवडियों के आने का सिलसिला शुरू होगा।

एक पंचायत एक चुनाव

राज्य में हरिद्वार जिले को छोड़कर शेष 12 जिलों का त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024–25 में किया जाना प्रस्तावित है। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने मुख्य सचिव को राज्य में एक पंचायत एक चुनाव व्यवस्था लागू करने की संभावना तलाशने को कहा है। एक देश एक चुनाव सिफारिश का हवाला देते हुए सतपाल महाराज ने निर्देश देते हुए कहा है कि कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां एक राज्य–एक चुनाव की घोषणा के तहत इस प्रकार की व्यवस्था की है।

ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने राज्य में होमस्टे की बुकिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल लॉन्च किया है। प्रदेश में होमस्टे की बुकिंग अब www.uttarastays.com पर की जा सकती है।

पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग के पास लगभग पांच हजार होमस्टे पंजीकृ त हैं। यह पहल होमस्टे मालिकों को बिना किसी शुल्क के एक ऑनलाइन माध्यम प्रदान कर उनके राजस्व को बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में होमस्टे को विभिन्न क्षेत्रों में वेलनेस सेंटरों के साथ जोड़ने की योजना है, ताकि पर्यटकों को योग, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, आदि सेवाओं का भी लाभ मिल सके। श्री कुर्वे ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग, होमस्टे विकसित करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना के तहत सब्सिडी प्रदान कर रहा है। इसके अलावा होमस्टे मालिकों को उनके ग्राहक सेवा कौशल को बढ़ाने के लिए विभिन्न कौशल और सेवाओं में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## निर्देश

मानसून समाप्त होने के एक महीने के भीतर राज्य की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्वतीय क्षेत्रों में धारण क्षमता के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाएं। उन्होंने पर्यटन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए खाली स्थानों को चिन्हित कर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रदेश में जीएसटी संग्रह बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री धामी ने यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि राज्य में किसी तरह की जीएसटी चोरी न हो।

## बैठक

कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष वंशीधर तिवारी के साथ बैठक कर ऋषिकेश में पार्किंग निर्माण पर प्रगति सहित अन्य विषयों की जानकारी ली। इस दौरान डॉ अग्रवाल ने नगर निगम में बनने वाली पार्किंग के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में पार्किंग एक बड़ी समस्या है। नगर निगम में पार्किंग का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को पार्किंग की समस्या से निजात मिल सके। डॉक्टर अग्रवाल कहा कि अवैध निर्माण कार्यों पर कार्रवाई अमल में लाई जाए, जिससे प्रदेश सरकार का राजस्व बढ़ सके।

## ऑपरेशन मिसिंग मोबाइल

हरिद्वार में पिछले पांच महीने में खोए हुए मोबाइल में से चार सौ पन्द्रह मोबाइलों को ढूढंकर पुलिस ने उनके स्वामियों को वापस लौटाए हैं। लौटाए गए मोबाइलों की कीमत छिहत्तर लाख रुपये है। रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खोए मोबाइलों को लौटाया। उन्होंने बताया कि हरिद्वार पुलिस ने खोए और चोरी हुए मोबाइल को तलाशने के लिए ऑपरेशन मिसिंग मोबाइल चलाया है। इसके तहत साइबर सेल की एक विशेष यूनिट द्वारा लोगों के खोए हुए मोबाइलों को ढूंढने का काम करती है।

हरिद्वार पुलिस की साइबर टीम पिछले उन्नीस महीनों के भीतर अबतक करीब तीन करोड़ रुपए कीमत के एक हजार छह सौ बहत्तर खोए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप चुकी है।

## गिरफ्तारी

हरिद्वार पुलिस ने अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गैंग के सरगना समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों का लम्बा आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटी गई सोने की चेन, घटना में प्रयोग में लाया गया दुपहिया वाहन, चाकू और मास्टर चाबी बरामद की है।

## निरीक्षण

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी में बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण किया और अधिकारियों राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तिकोनिया स्थित सिंचाई विभाग की नहर के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। श्री रावत ने नालों और नहरों के पास हुए अतिक्रमण को चिन्हित करने और क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।